


15 सदस्यीय टीम होगी

## टी 20 वर्ल्डकप के लिए भारतीय टीम का चयन करने में होगी मुश्किल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्डकप 2021 के पूरे कार्यक्रम की घोषणा आइसीसी ने कर दी है और अब सभी टीमें का एलान भी जल्द हो जाएगा। न्यूजीलैंड के बाद आस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम का एलान कर दिया है। वहीं, भारतीय टीम के चयन में सबसे ज्यादा मुश्किल कप्तान विराट कोहली, कोच रवि शास्त्री और चयनकर्ताओं को होने वाली है, क्योंकि कुछ ऐसे स्थान हैं, जिसके लिए कई खिलाड़ी दावेदार हैं। विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम पहली बार कोई टी20 विश्व कप खेलने उतरेगी। इस मेगा इवेंट के लिए 10 खिलाड़ियों को फाइनल फिफ्टीन में आटोमेटिक एंट्री मिल जाएगी, क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और वे तीनों प्रारूप में नियमित रूप से खेल रहे हैं। हालांकि, पांच और खिलाड़ियों को फाइनल 15 में जगह देने के लिए कप्तान विराट कोहली, कोच रवि शास्त्री और चयनकर्ताओं की समिति को माथापच्ची करनी होगी।

आइसीसी के नियम के मुताबिक कि आप सिर्फ 15 खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के 8 सदस्यों के साथ मेगा इवेंट के लिए ट्रेवल कर सकते हैं, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी आइसीसी को उठानी है, उसके हिसाब से देखा जाए तो जो भारत को टीम चुननी होगी वो 15 सदस्यीय टीम होगी। अब बात करते हैं कि किन खिलाड़ियों को सीधे एंट्री मिलने वाली है, जबकि किन खिलाड़ियों को आखिरी पांच स्थानों के लिए रेस में माना जा रहा है।

# भारतीयों के साथ एंडरसन का रहा है 36 का आंकड़ा

क्रिकेट

## जेम्स एंडरसन ने करियर में सबसे ज्यादा विकेट भारत के ही खिलाफ लिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। जेम्स एंडरसन की गिनती मॉर्डन क्रिकेट के महानमत पेसर्स में होती है। इस बॉलर ने अपने करियर में सबसे ज्यादा विकेट भारत के ही खिलाफ लिए। अपनी सरजमीं पर दो बार मैन ऑफ द सीरीज बना। 2012 नागपुर टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता। इंग्लैंड ने वह सीरीज 2–1 से अपने नाम की थी। तब कप्तान रहे धोनी ने यही कहा था कि हम इंग्लैंड नहीं एंडरसन से हारे। इन सब के अलावा भारतीयों के साथ एंडरसन का 36 का आंकड़ा भी रहा है। कई मौकों पर वह बदजुबानी करते नजर आए। इसी का एक नजारा लॉर्ड्स टेस्ट में भी देखना को मिला है।




**2014 में जडेजा से विवादः** ट्रेंटब्रिज टेस्ट में दूसरे दिन का खेल जारी था, जब जेम्स एंडरसन का सामना रविंद्र जडेजा से हो गया। लंच के बाद ड्रेसिंग रूम की ओर जाते हुए कहासुनी हुई। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने आरोप लगाया था कि एंडरसन ने न सिर्फ गालियां दीं बल्कि जडेजा को धक्का भी दे दिया। आईसीसी से उनकी शिकायत भी हुई। लेवल 3 के तहत दोषी पाए जाने के बाद कम से कम दो मैच के लिए सस्पेंड हो जाते, लेकिन इंग्लिश टीम ने काउंटर करते हुए सारी गलती जडेजा की बता दी। इस घटना ने बीच सीरीज दोनों ही टीम के बीच तनातनी बढ़ी दी।

**तब धोनी ने जताई थी नाराजगी**

वीडियो सबूत के अभाव में जडेजा पर कार्रवाई हो गई। लेवल 1 के तहत 50 फीसदी मैच फीस का जुर्माना ठोका गया। एंडरसन का निर्दोष साबित होना भारतीय खेमे के लिए किसी अचंभे से कम नहीं था। खुद धोनी ने कहा था कि वह पूरे मामले के चश्मदीद गवाह हैं जब एंडरसन ने जडेजा को गालियां देते हुए धक्का मारा था। एंडरसन ने स्काई स्पोर्ट्स से बातचीत में पूरी घटना को अपने करियर के सबसे तनाव भरे दिन की तरह माना था।

**हमारे कप्तान के बारे में मत बोले**

2014 में जब भारत ने इंग्लैंड का दौरा किया तब आठ में से चार पारियों में एंडरसन ने विराट कोहली का शिकार किया। दो साल बाद जब अंग्रेज भारत दौरे पर आए कोहली कप्तान बन चुके थे। विजाग टेस्ट में शतक और अर्धशतक फिर मोहाली में एक और फिफ्टी। बाद में मुंबई में दोहरा शतक। पूरी सीरीज में एंडरसन विराट को आउट नहीं कर पाए। जब पत्रकारों ने सवाल किया तब उन्होंने तंज कसते हुए कहा था, कोहली अपने घर में अच्छा बल्लेबाज हैं, उनकी कमियां छिप जाती हैं।

## भारतीय खिलाड़ियों पर गंभीर आरोप, ड्रेसिंग रूम जाते वक्त रोका था रॉबिन्सन का रास्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। लॉर्ड्स स्टेडियम में इस सप्ताह समाप्त हुए दूसरे टेस्ट के दौरान भारतीय और अंग्रेजी क्रिकेटरों के बीच तनाव केवल पिच तक ही सीमित नहीं रहा। यह मैदान की सीमा से बाहर भी फैल गया।



अंग्रेजी मीडिया में यह सामने आया है कि बेंच के कुछ भारतीय खिलाड़ी, जो मैदान से अपने ड्रेसिंग रूम में लौट रहे थे, उन्होंने तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को रास्ता देने से इनकार कर दिया, जो पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को इंग्लैंड के 90/7 पर सिमट जाने के बाद बल्लेबाजी करने के लिए जा रहे थे। एक रिपोर्ट में गार्जियन अखबार ने कहा, रॉबिन्सन जब पवेलियन की सीढ़िया उतर रहे थे तब ट्रैकसूट में भारत के कुछ खिलाड़ी मैदान पर ड्रिंक्स देकर लौट रहे थे। रॉबिन्सन रुक जाते हैं और उनके एक तरफ हटने का इंतजार करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ी एक तरफ कदम नहीं रखते हैं। रॉबिन्सन इंतजार करते हैं। वे प्रतीक्षा करते हैं। आखिरकार वे अजीब तरह से एक–दूसरे को रगड़ते हैं। पूरी घटना मुश्किल से कुछ सेकंड तक चलती है। इस महीने की शुरुआत में नॉटिंघम में पहला टेस्ट मैच पूरा होने के बाद लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट के दौरान दोनों ही टीम के बीच टेंशन बढ़ गई थी। जब भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन पर शॉर्ट डिलिवरी से हमला किया। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए। भारतीय कप्तान विराट कोहली और एंडरसन के बीच जुबानी जंग में मतभेद चरम पर पहुंच गया था।

## साल 2020 के बाद भारत के सबसे बड़े बल्लेबाज बने ऋषभ पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एक समय था जब टीम इंडिया ऋषभ पंत को पूरी तरह नकार चुकी थी। ऋषभ पंत खुद से भी नाराज थे। मौके तो लगातार मिल रहे थे, लेकिन उसे भुना नहीं पा रहे थे। हर बार फेल हो जाते, अपनी ही उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाते। टीम को जब–जब उनकी जरूरत होती यह लेफ्ट हैंडर आउट हो जाता। शॉट सिलेक्शन पर सवाल उठते थे। गंभीरता पर प्रश्न चिन्ह थे। दुनिया ने वो दौर भी देखा जब केएल राहुल बतौर विकेटकीपर खेलते और पंत बेंच पर बैठकर तालियां बजाते। संजू सैमसन को मौका मिलने लगे। सभी ने सोच लिया था कि उगने से पहले ही ऋषभ पंत का सूरज ढल चुका है। कप्तान कोहली और कोच शास्त्री उनसे परे सोचने लगे हैं। मगर वही ऋषभ पंत दोबारा खड़े हो चुके हैं। टीम की सबसे बड़ी तोप और हर नाजुक मौके की होप बन चुके हैं। आज की तारीख में वही ऋषभ पंत खिलाड़ी नंबर एक हो चुके हैं। आगे–पीछे भी कोई नहीं। भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन। साल 2020 के बाद इस खब्बू बल्लेबाज की फॉर्म लौट आई।

## न्यूज डायरी



### अफगान खिलाड़ी ने दिखाई दिलेरी, थामा अफगानिस्तान का राष्ट्रीय झंडा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। अफगानिस्तान में इस समय तालिबान का कब्जा है। देश का भविष्य अधर में है। और साथ ही उसके क्रिकेटर्स का भी। अफगानिस्तान के कई प्रतिभाशाली क्रिकेटर दुनियाभर की लीग्स में अपने हुनर का लोहा मनवा रहे हैं। इसमें से कुछ इंग्लैंड में हो रहे द हंड्रेड में भी खेल रहे हैं। इसमें से एक हैं कैस अहमद। वह अपने देश के बड़े क्रिकेटर माने जाते हैं। कैस द हंड्रेड टूर्नामेंट में लंदन स्पिरिट की टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने 18 अगस्त को वेल्श फायर के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कैस ने अपने खेल से तो दिल जीता ही साथ ही मैच के बाद ऐसा काम किया जिसने बताया कि उन्हें अपने मुल्क से कितना प्यार है। कैस ने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल का खेल दिखाया। उन्होंने 15 गेंद पर 25 रन की पारी खेली। मैच के बाद हालांकि कैस ने जो किया वह लोगों की नजरों में छा गया। वह अफगानिस्तान का झंडा लिए नजर आए। द हंड्रेड ने अपने आधिकारिक हैंडल पर इस तस्वीर को साझा किया है।

### मारिया ने तोक्यो ओलिंपिक में जैवलिन में जीता सिल्वर मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चंडीगढ़। मारिया आंद्रेजेक ने तोक्यो ओलिंपिक में जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीता। इसके दो हफ्ते बाद ही वह अपना मेडल नीलाम करने जा रही हैं। पोलैंड की इस एथलीट ने जिस वजह से यह फैसला लिया उसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। मारिया ने जब आठ माह की एक नवजात बच्चे का चेहरा देखा तो वह खुद को ऐसा करने से रोक नहीं पाईं। इस बच्ची को दिल की एक गंभीर बीमारी है। उसे जल्द से जल्द सर्जरी की जरूरत है। यूरोपीय देशों के अस्पतालों ने इस बच्ची का ऑपरेशन करने से इनकार कर दिया है। पोलैंड की रहने वाले इस बच्ची के परिवार की आखिरी उम्मीद अमेरिका के स्टैंडफर्ड यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर पर टिकी है। यही सेंटर बच्चे की जान बचाने के लिए ऑपरेशन कर सकता है। हालांकि सर्जरी पर काफी खर्च आने वाला है।

### चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस का क्वारंटाइन पूरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धौनी चेन्नई सुपरकिंग्स गुरुवार से दुबई में आइसीसी क्रिकेट अकादमी में इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के दूसरे चरण के लिए तैयारी शुरू करेगी। वहीं गत चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम शुक्रवार से शेख जायद स्टेडियम में अपनी तैयारी शुरू करेगी। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि दोनों टीमों ने अपनी 6–दिन की क्वारंटाइन अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है और दोनों टीमें तैयारी शुरू करेंगी। सूत्र ने कहा, दोनों टीमों ने क्वारंटाइन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और आइपीएल की तैयारी शुरू करने वाली हैं। सीएसके दुबई में आइसीसी क्रिकेट अकादमी में आज रात से ट्रेनिंग शुरू करेगी। वहीं मुंबई की टीम शुक्रवार से शेख जायद स्टेडियम के अंदर ट्रेनिंग फैसलिटी में ट्रेनिंग शुरू करेगी। बता दें कि पिछले साल की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यूएई पहुंचेगी।

### बांग्लादेश में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया ने बदला रवैया, कई बड़े नाम हुए शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इसमें तेज गेंदबाज पैट कमिंस के साथ ही बल्लेबाजों स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर को भी शामिल किया गया है। पहले ऐसी उम्मीद की जा रही थी कि एशेज सीरीज को ध्यान में रखते हुए ऑस्ट्रेलिया अक्टूबर–नवंबर में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट में अपने कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों को टीम से बाहर रख सकता है। सिलेक्टर जॉर्ज बैली ने टीम की घोषणा करते हुए कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि टीम में इस अति प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में आगे तक जाने की क्षमता है। हमारे पास दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।